Rajasthan Foundation

Connecting Non-Resident Rajasthanis

10th Executive Committee Meeting of Rajasthan Foundation

Rajasthan Foundation

Connecting Non-Resident Rajasthanis

मुख्य सचिव की अध्यक्षता में राजस्थान फाउंडेशन की 10वीं कार्यकारी बैठक के दौरान प्रवासियों के लिये गये महत्वपूर्ण फैसले

राजस्थान फाउंडेशन की 10वीं कार्यकारिणी समिति की बैठक 11 जनवरी 2023 को मुख्य सचिव श्रीमती ऊषा शर्मा की अध्यक्षता में VC के माध्यम से संपन्न हुई। बैठक में अतिरिक्त मुख्य सचिव, उद्योग श्रीमती वीनू गुप्ता, सचिव वित्त श्री नरेश ठकराल, आयुक्त राजस्थान फाउंडेशन श्री धीरज श्रीवास्तव मौजूद रहे।

कमिश्नर श्री धीरज श्रीवास्तव द्वारा पॉवर पॉइंट प्रेजेंटेशन के माध्यम से राजस्थान फाउंडेशन द्वारा किये जा रहे प्रवासी राजस्थानियों के साथ विभिन्न कार्यक्रमों से अवगत करवाया।

श्री धीरज श्रीवास्तव ने बताया कि राजस्थान फाउंडेशन को परोपकारी परियाजनाओं से सम्बंधित 271 करोड़ के 17 LOIs मिल चुके हैं, जिनको धरातल पर लाने का प्रयास किये जा रहे हैं। मुख्य सचिव ने निर्देश दिये कि सामाजिक सरोकारों से जुड़े इन LOIs के क्रियान्वयन हेतु सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाये और अतिरिक्त मुख्य सचिव की LOI/ Review मीटिंग में इनका भी रिव्यु किया जाये।

बैठक के दौरान राजस्थान फाउंडेशन की website और NRR policy पर विस्तृत चर्चा कि गयी और मुख्य सचिव ने निर्देश दिये कि पॉलिसी के तहत राजस्थान फाउंडेशन द्वारा की जाने वाली स्कीम/ प्रोग्राम के क्रियान्वयन हेतु तत्पर कार्यवाही कि जाये औए शेष schemes के लिये सम्बंधित विभागों से साथ Empowered Committee की बैठक कि जाये।

गौरतलब है कि माननीय मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत जी द्वारा Invest Rajasthan, NRR Conclave में website और NRR Policy लांच की गयी और राजस्थान अपने प्रवासियों के लिये पालिसी लांच करने वाला पहला राज्य बन गया है, और इसी के अतर्गत NRR Association Recognition Scheme, Pravasi (NRR) Mitra Scheme, Pravasi Rajasthani Ambassador Forum Guidelines,Rajasthan Pravasi Samman Guidelines, प्रवासी कार्ड स्कीम, NRR Cells , म्हारी भाषा , म्हारी आस्था , म्हारी ढाणी, जैसी अनेक स्कीम लाने की प्रक्रिया में है। श्री श्रीवास्तव ने बताया कि बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने जिला कलेक्टरों से होने वाली कॉन्फ्रेंस में 33 जिलों में NRR Cells स्थापित करने एवं जिला कलेक्टरों द्वारा NRR से सम्बंधित सूचनायें राजस्थान फाउंडेशन के साथ साझा करने पर वार्तालाप किया जायेगा। जिससे NRRs तक उनके जिलों से सम्बंधित सूचनाये आसानी से पहुँच सकें ।

बैठक के दौरान मुख्य सचिव को अवगत करवाया गया कि पिछले एवं आने वाले वर्ष में विभिन्न देशों में स्थापित राजस्थानी संस्थायें राजस्थान सरकार के अधिकारियों उनके यहां आने का निमंत्रण दे चुकी हैं । इस पर चर्चा करते हुए अतिरिक्त मुख्य सचिव, उद्योग श्रीमती वीनू गुप्ता जी ने हाल ही में प्रवासी भारतीय दिवास के दौरान राजस्थानी प्रवासियों से हुई मुलाकात के बारे में मुख्य सचिव से साझा करते हुए कहा कि उन्होंने राजस्थानी प्रवासियों के साथ मीट एंड ग्रीट का अलग से कार्यक्रम रखा और उन्होंने पाया कि वो अपने देश से भावनात्मक एवं सांस्कृतिक दृष्टि से मजबूती के साथ जुड़े हुए हैं एवं अपने देश और प्रदेश के लिये कुछ करना चाहते हैं।

श्रीवास्तव जी ने बताया कि बैठक के दौरान विभिन्न जगहों पर प्रवासियों द्वारा किये जाने वाले कार्यक्रमों में राजस्थानी कलाकारों को भेजने से संबंधित प्रक्रिया को Department of Tourism के साथ मिलकर योजनाबद्ध तरीके से करने के निर्देश प्राप्त हुए हैं।

Rajasthan Foundation
Connecting Non-Resident Rajasthanis

इस दौरान राजस्थान फाउंडेशन द्वारा भविष्य में किये जाने वाले कार्यो जिनमें अंतरष्ट्रीय कॉन्क्लेव जैसे कई महत्वपूर्ण बिन्दुओं पर चर्चा भी हुई।

गौरतलब है कि बैठक में मुख्य सचिव द्वारा राजस्थान फाउंडेशन द्वारा किये जा रहे कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि राजस्थान फाउंडेशन श्री धीरज श्रीवास्तव जी के नेतृत्व में प्रवासियों को अपनी मातृभूमि से जोड़ने का उत्कृष्ट कार्य कर रहे हैं । मुख्य सचिव ने बैठक के दौरान कहा कि राजस्थान सरकार प्रवासियों के लिये किये जा रहे कार्यों पर तत्परता के साथ काम कर रही है।